-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 26.09.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **महिला थाना की मिशन शक्ति टीम द्वारा कृष्णा मेमोरियल स्कूल बांदा एवं थाना बबेरु की मिशन शक्ति टीम द्वारा जे0पी0 शर्मा इण्टर कॉलेज में "शक्ति संवाद"का किया गया आयोजन। छात्राओं को महिला अपराधों, साइबर अपराधों के बारे में दी गई जानकारी साथ ही उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में किया गया जागरुक।**

विवरण- मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के क्रम में **पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल** के निर्देशन में **नोडल अधिकारी/क्षेत्राधिकारी मिशन शक्ति श्रीमती अंबुजा त्रिवेदी** के नेतृत्व में जनपद बांदा में सघन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में आज दिनांक 26.09.2024 को महिला थाना व थाना बबेरु की मिशन शक्ति टीम द्वारा **"शक्ति संवाद"** का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष महिला थाना श्रीमती अनुपमा तिवारी द्वारा साइबर क्राइम टीम के साथ कृष्णा मेमोरियल इण्टर कॉलेज बांदा में जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान बालिकाओं को महिला अपराधों के साथ-साथ मुख्य रुप से साइबर अपराध के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि वर्तमान में साइबर अपराध के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं ऐसे में इन अपराधों के तरीकों के बारे में जागरुकता एवं बचाव सबसे महत्वपूर्ण है। बालिकाओं को बताया गया कि सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें साथ ही किसी अनजान वीडियो कॉल के न रिसीव करें। सोशल मीडिया एकाउंट्स पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन अवश्य ऑन रखें। साथ ही बालिकाओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई। थाना बबेरु की मिशन शक्ति टीम द्वारा जे0पी0 शर्मा इण्टर कॉलेज में शक्ति संवाद का आयोजन कर छात्राओं को विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई।